तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# शाला ध्वनि

# KVS News

**July - September 2024**



# महामहिम राष्ट्रपति ने निभाई शिक्षिका की भूमिका

**25 जुलाई 2024,** नई दिल्लीः भारत की राष्ट्रपति के पद पर दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने एक अनोखा कदम उठाया। जीवन के शुरुआती दिनों को याद करते हुए उन्होंने एक बार पुनः शिक्षिका की भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय के 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों की एक विशेष कक्षा ली।

शिक्षिका के रूप में राष्ट्रपति महोदया ने विद्यार्थियों को अपने अनुभव और ज्ञान के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का मूल्य और उनके संरक्षण का महत्व समझाया। इस विशेष कक्षा में माननीय राष्ट्रपति ने बच्चों को पर्यावरण का महत्व समझाते हुए, जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों की जानकारी दी और उन्हें प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

राष्ट्रपति महोदया ने सबसे पहले विद्यार्थियों से प्रश्न किया कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं और उनका पसंदीदा विषय क्या है? इसके उपरांत उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार हमारे छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़े बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्रपति महोदया ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का भी ज़िक्र किया और विद्यार्थियों को अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए, इसे कम करने के उपायों पर भी विद्यार्थियों से चर्चा की।





राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को अपने बीच पाकर सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित थे और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक सुझाव भी दिए। इस विशेष कक्षा ने न केवल विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया, बल्कि उन्हें अपने दायित्वों का बोध भी कराया।



# के.वि. विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मनाया रक्षा बंधन





## 19 अगस्त 2024, नई दिल्ली

रक्षा बंधन का पर्व केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक यादगार पल लेकर आया। केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का अवसर मिला। इस पावन त्योहार पर राष्ट्रपति भवन में देश भर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिसमें सुदूर केरल में स्थित केन्द्रीय विद्यालय त्रिशूर के 5 विद्यार्थी और शिक्षक भी शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को भी राष्ट्रपति महोदया को राखी भेंट करने का मौका मिला। वहीं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जे.एन.यू. के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास पर श्री नरेन्द्र मोदी की कलाई पर राखी बांधी।

# के.वि.सं. (मुख्यालय) को मिला 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'



**14 सितंबर 2024,** नई दिल्लीः राजभाषा क्रियान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वर्ष **2023-24** के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) को राजभाषा विभाग के सर्वोच्च सम्मान 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से अलंकृत किया गया। हिन्दी दिवस के अवसर पर, नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे को यह पुरस्कार मा. गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय द्वारा प्रदान किया गया। समस्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन परिवार के लिए यह एक गौरवशाली क्षण था। यह पुरस्कार उन सरकारी मंत्रालयों, विभागों, बैंकों और उपक्रमों को दिया जाता है जो हिन्दी के प्रचार-प्रसार और इसके प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य करते हैं। गौरतलब है कि हिंदी को राजभाषा बने **75** वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस बार भारत मंडपम में एक वृहद आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से राजभाषा विभाग से जुड़े कार्मिक और हिंदी के विद्वान उपस्थि थे।

**देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में मनाया गया हिंदी पखवाड़ा:** राजभाषा हिंदी के महत्व को प्रतिस्थापित करने के लिए 1 से 14 सितंबर तक देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर हिंदी के महत्व और इतिहास को समझा। केन्द्रीय विद्यालय आईओसी नूनमाटी, गुवाहाटी द्वारा इस उपलक्ष्य में एक विशेष पहल की गई, जिसमें हिंदी साहित्य और कला का अनोखा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी कला और साहित्यिक ज्ञान को साझा किया। भारत के 70 प्रमुख कवियों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने 70 कविताओं पर आधारित पोस्टर बनाए, जिससे न केवल विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य के प्रति रुचि जगी, बल्कि सृजनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा मिला।



# KV Teachers Honoured with

## National Teacher's Award 2024

Kendriya Vidyalaya proudly celebrates two exceptional educators, **Dr. Charu Sharma** and **Shri Ashok Sengupta**, who received the prestigious National Teachers Award 2024. Each year, this award is presented by the President of India to educators who make a remarkable impact on students' lives through innovative teaching style.




**Dr. Charu Sharma,** Principal of Dr. Rajendra Prasad Kendriya Vidyalaya, New Delhi, is lauded for transforming her school's academic environment with a holistic approach, fostering both academic and personal growth among students.

**Sh. Ashok Sengupta,** a seasoned PGT from KV No. 1 Jalahalli West, Bengaluru, brings nearly 40 years of expertise in computer science and work education. Known for his dedication to biodiversity conservation, he is also a renowned butterfly expert. His passion for sustainability and education earned him the Green Teacher Award and the National Teacher's Award 2024.

# Youth of India Take the Lead in BRICS

# 'Bridge of Friendship'

## Teleconference




Students from Dr. Rajendra Prasad Kendriya Vidyalaya, New Delhi, joined the first-ever BRICS teleconference, "Bridge of Friendship," on July 30, 2024. Young ambassadors from Brazil, Russia, India, China, and South Africa gathered online to discuss the power of volunteering in skill-building and community service. Organized by the Russian Children's Center "Ocean," this teleconference aimed to foster cooperation and mutual understanding among the youth of BRICS nations.

Students from India, Russia, and Egypt demonstrated how volunteering fosters social solidarity and bridges cultural gaps. This event served as a platform for students to showcase their commitment to social responsibility and unity across borders.

BRICS

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

## सफलता के पथ पर 4 वर्ष





**29 जुलाई, 2024, नई दिल्लीः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर प्रेक्षागृह में 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2024' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा. शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी और डॉ. सुकांत मजूमदार की गरिमामयी उपस्थिति के बीच सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता श्री संजय कुमार और सचिव उच्च शिक्षा श्री के. संजय मूर्ति सहित अनेक शिक्षाविदों और केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान 25 भारतीय भाषाओं में शैक्षिक टीवी चैनल, विद्यार्थियों के लिए बिना बस्ते वाले 10 दिनों के दिशा-निर्देश और करियर मार्गदर्शन पुस्तकालयों का लोकार्पण हुआ। इस भव्य समारोह में विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी विशेष योगदान दिया। के.वि. सेक्टर-8, आर-के-पुरम के कक्षा 12वीं के छात्र मयंक शेखर सिंह और के.वि., एंड्रयूजगंज की कक्षा 12वीं की छात्रा अनुष्का भट्टाचार्य ने उद्घाटन सत्र का मंच संचालन किया। इसके साथ ही, के.वि. विद्यार्थियों ने पंच-प्राण गीत प्रस्तुत किया, जिसको सभागार में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा सराहा गया।

*पंच प्राण गीत सुनने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें*

## शिक्षा सप्ताह: एनईपी 2020 का हर्षोत्सव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 22 से 28 जुलाई 2024 तक पूरे देश में 'शिक्षा सप्ताह' मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, नीति निर्माताओं और शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों के बीच सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए एक विशेष थीम समर्पित की गई, ताकि शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जा सके और उन्हें उजागर करने का अवसर मिले।

### सात दिन-सात थीम

22 जुलाई- शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) दिवस
23 जुलाई- आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) दिवस
24 जुलाई- खेल दिवस
25 जुलाई- सांस्कृतिक दिवस
26 जुलाई- कौशल और डिजिटल पहल दिवस
27 जुलाई- पर्यावरण क्लब और पोषण दिवस
28 जुलाई- समुदायिक सहभागिता दिवस

# ECO-INNOVATION AT PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA

## PIONEERING ZERO-COST DRIP IRRIGATION REVOLUTION

PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 O.F. Katni has launched a zero-cost, eco-friendly drip irrigation project, aligning with "Mission LiFE" and the "Swachhata Campaign." The initiative uses leftover water and recycled materials to keep the school garden thriving. Discarded glucose bottles from the Ordnance Factory Hospital are repurposed as water containers, with old I.V. sets regulating the flow. Students fill these bottles daily with leftover water, ensuring every drop counts.

This project is a hands-on lesson in sustainability under NEP 2020, as students learn water conservation through direct involvement. Materials like curtain rods and wooden slabs are repurposed for bottle stands, making the setup entirely cost-free. The result? A green garden, zero waste, and empowered students. PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 O.F. Katni is not just teaching; it's pioneering sustainable practices for a brighter, greener future.







# Israeli Ambassador Inaugurates VR Labs at PM SHRI KV No. 2 Delhi Cantt.



On September 19th, 2024, PM SHRI KV No. 2 Delhi Cantt took a futuristic step with the inauguration of a cutting-edge Virtual Reality (VR) Lab. This initiative aligns with the goals of NEP 2020, promoting digital and experiential learning for students. The project was made possible through the support of the Israeli government and the Society for All-Round Development (SARD). At the grand opening, Deputy Ambassador of Israel, H.E. Mr. Fares Saeb, and Hon'ble MP Ms. Kamal Jeet Sehrawat, graced the event. The VR lab opens up exciting new opportunities for students, allowing them to explore advanced lessons through immersive technology.





# National Space Day 2024




India became the fourth country to land on the moon and the first to reach its southern polar region on August 23, 2023. To honour this landmark achievement, Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi announced August 23 as "National Space Day".

India celebrated its maiden National Space Day on August 23, 2024 with the theme "Touching Lives while Touching the Moon: India's Space Saga." National Space Day was not just a celebration of past successes but also a moment to inspire future generations.

Kendriya Vidyalayas across India celebrated National Space Day enthusiastically. Schools broadcasted the national program live, featuring an ISRO history video and a quiz on the MY GOV app. Students participated in poster-making, space quizzes, and a seminar on space exploration, gaining inspiration and deeper insights into space science. These activities aimed to inspire students and to collect a deeper knowledge about space science.





# के.वि. विद्यार्थियों ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम'




वन महोत्सव 2024 के उपलक्ष्य में देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया गया। शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'शिक्षा सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के साथ वृहद वृक्षारोपण पर भी विशेष बल दिया गया था। इसी क्रम में 27 जुलाई को देश के सभी शिक्षण संस्थानों में 'वन महोत्सव' मनाया गया। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। अभियान के दौरान देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा एक लाख से अधिक पौधे रोपे गये। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के असीम प्रेम, देखभाल और पोषण को समर्पित था। गौरतलब है कि इस अभियान का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 5 जून 2024 को किया गया था।

# केन्द्रीय विद्यालयों में राष्ट्रीय खेल दिवस



राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 के अवसर पर देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में 26 से 31 अगस्त 2024 तक विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। विद्यार्थी जीवन में किताबी ज्ञान के साथ शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने के लिए पारंपरिक भारतीय खेलों को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए जो खेल गतिविधियां आयोजित की गईं उनमें खो-खो, लंगड़ी चाल, रस्साकशी, नींबू दौड़, बोरी दौड़, रस्सी कूद, शतरंज, प्लैंक चुनौती, हॉकी, टेबल टेनिस, मिनी फुटबॉल आदि खेल शामिल थे। विद्यार्थियों के लिए यह शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने के साथ-साथ खेलों की परंपरागत धरोहर से जुड़ने का भी अवसर था। साथ ही, उन्हें टीम वर्क, शारीरिक और मानसिक दृढ़ता के महत्व को भी समझने का अवसर मिला। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त को देश भर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।

# 'मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम'

## के तहत मिट्टी की गुणवत्ता जांच रहे के.वि. विद्यार्थी

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय और कृषि विज्ञान केन्द्रों के सहयोग से देश भर में मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस नवाचारी पहल का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता और कृषि उत्पादन में सुधार करना है। इस पहल में विद्यार्थियों को भी किसानों की सहायता करने के लिए जोड़ा गया है। पहले पायलट आधार पर 10 केन्द्रीय विद्यालयों में यह पहल प्रारंभ की गई। केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मिट्टी के नमूने एकत्रित करने और मिट्टी का स्वास्थ्य कार्ड तैयार करने का प्रशिक्षण लिया। 30 सितंबर 2024 तक, 17,316 विद्यार्थियों और 806 शिक्षकों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पोर्टल पर पंजीकरण कराया है और अब तक 47 केन्द्रीय विद्यालयों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड (SHC) बनाए हैं, जो इस कार्यक्रम की व्यापकता और प्रभाव को दर्शाता है। यह कार्यक्रम पूरे देश में 200 केन्द्रीय विद्यालयों में लागू किया जाएगा।







# FINANCE OFFICERS MEET & AUDITOR TRAINING AT CHANDIGARH



On September 17-18, 2024, Finance Officers from various KVS Regions gathered at ZIET Chandigarh to refine accounting processes. The event culminated in the adoption of the "Chandigarh Resolution," emphasizing the use of Tally and timely payments, including retirement benefits. They also proposed forming 'Accounts Committees' at the school level for enhanced financial oversight. From September 19-21, a Capacity Building Programme trained auditors from five Regional Offices on Tally, GeM procurement, and audit practices. A new standard format for internal audit reports was introduced to ensure consistency across KVS.



# KVS Shines at INSPIRE Awards MANAK with 4000+ Projects and a National Star




**INSPIRE** (Innovation in Science Pursuit for Inspired Research) is a flagship program by the Department of Science & Technology (DST), Government of India. The INSPIRE-MANAK (Million Minds Augmenting National Aspirations and Knowledge), executed by DST in collaboration with the National Innovation Foundation (NIF), aims to inspire students aged 10-15 from classes 6 to 10 to think creatively and innovate.

Under this scheme, schools nominate five of their students' best ideas. As of September 30, 2024, KVs nationwide uploaded over **4,000 projects** for the 2024-25 awards. In **the 11th National Level Exhibition and Project Competition** (NLEPC) held at Vigyan Bhawan, New Delhi, from September 17-19, 2024, seven KVS students participated. Among them, **Kumari Shraavya Mishra** from K.V. No.2 CRPF Bhubaneswar was recognized for her project, **"Indian Sign Language Responsive and Voice Intelligent Assistant for the Deaf."** Her project stood out as one of the 31 best entries at the national level, earning appreciation from the Ministry of Education on social media.

# सकुरा एक्सचेंज


## कार्यक्रम के लिए 9 विद्यार्थियों का चयन



जापान सरकार द्वारा संचालित 'सकुरा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम' के अंतर्गत इस वर्ष केन्द्रीय विद्यालयों के नौ विद्यार्थियों का चयन सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के लिए किया गया है। ये विद्यार्थी नवंबर 2024 में जापान की यात्रा करेंगे, जहां उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृहद अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सकुरा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम, जापान सरकार की एक प्रतिष्ठित पहल है, जिसके माध्यम से जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) अन्य देशों के युवाओं को जापान आमंत्रित करती है। इस कार्यक्रम का मकसद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और युवाओं को जापानी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में अनुभव देना है। इस कार्यक्रम के तहत, युवाओं को जापानी विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, और कंपनियों का दौरा करने का मौका मिलता है।

### केन्द्रीय विद्यालयों से चयनित 9 विद्यार्थियों का विवरणः

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम | के.वि. का नाम |
|---|---|---|
| 1 | भव्या टोंडवाल | पीएम श्री के.वि. सेक्टर-24, नोएडा, उत्तर प्रदेश |
| 2 | महक अहिरवार | पीएम श्री के.वि. नं. 1 इटारसी, मध्य प्रदेश |
| 3 | अनन्या विश्वकर्मा | पीएम श्री के.वि. एजीसीआर कॉलोनी, नई दिल्ली |
| 4 | सान्वी कुंवर | पीएम श्री के.वि. रायवाला, देहरादून, उत्तराखंड |
| 5 | प्रत्युष चक्रवर्ती | पीएम श्री के.वि. नं. 1 ईशापुर, पश्चिम बंगाल |
| 6 | अपर्णा अनिल नायर | पीएम श्री के.वि. आईआईटी मुंबई, महाराष्ट्र |
| 7 | ऋद्धि चक्रवर्ती | पीएम श्री के.वि. कुंजाबन, अगरतला, त्रिपुरा |
| 8 | अनुश्री कृष्णा | के.वि. किरंदूल, रायपुर, छत्तीसगढ़ |
| 9 | तेजस सिंह शेखावत | पीएम श्री के.वि. नं. 2 जयपुर, राजस्थान |



स्वच्छता ही सेवा 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

# स्वच्छता पखवाड़ा

## स्वच्छ भारत को समर्पित विशेष अभियान

देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में दिनांक 1 से 15 सितंबर 2024 तक 9वां स्वच्छता पखवाड़ा अभियान आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान सभी केन्द्रीय विद्यालयों में स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें पेंटिंग, निबंध लेखन, क्विज, स्लोगन लेखन, कविता लेखन, भाषण, और मॉडल बनाने जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन गतिविधियों के अलावा विद्यार्थियों ने विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता रैलियां भी निकालीं। अभियान के पहले सप्ताह में सभी केन्द्रीय विद्यालयों में पीटीएम के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्लास्टिक जैसी हानिकारक वस्तुओं से बचने के लिए जागरूक किया गया और उन्हें वेस्ट मैटीरियल के 3R सिद्धांत- 'रिड्यूस, रियूज़, और रिसाईकल' का महत्व समझाया गया।











# KVS Students Drive

## Swachhata Hi Sewa 2024

From 17th September to 2nd October 2024, KVs across India participated in the Swachhata Hi Sewa campaign under the theme "Swabhav Swachhata Sanskaar Swachhata." Students and teachers took the cleanliness pledge, followed by essay writing, debates, quizzes, sapling plantations under 'Ek Ped Maa Ke Naam', rallies, cleanliness classes, health check-ups for sanitation workers, and 'selfie with Safai Mitra' events. With 2832 events registered and 872,639 students involved, KVs are inspiring change by ensuring clean premises and promoting sustainable habits.

# Empowering Educators

## KVS Capacity Building & Development







Between July 1 and September 30, 2024, Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) advanced teacher capacity-building in STEM, digital technology, mental health, and inclusivity. The Vigyan Pratibha Teachers' Workshop at Homi Bhabha Centre (August 27-31, 2024) enhanced Science and Math teaching for 100 educators, while digital technology workshops in July equipped teachers to create inclusive classrooms.








Leadership sessions at the Indian Institute of Public Administration in New Delhi strengthened skills for 100 senior principals in academic, administrative, and financial management. Foundational Literacy and Numeracy workshops at ZIET Mumbai and with Jodogyan Trust boosted phonics and math teaching.








Mental health was prioritized in a July workshop with NCERT, training educators to support well-being, while non-teaching staff improved office management in collaboration with ISTM. Culminating these efforts, KVS celebrated inclusive practices at a roundtable with the Sri Aurobindo Society, honouring educators dedicated to accessible education.

# समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया

# 78वां स्वतंत्रता दिवस

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं निकालीं और स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। साथ ही, देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाटक भी प्रस्तुत किये गये। नई दिल्ली स्थित के.वि.सं. मुख्यालय में आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय के समस्त वरीय अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक राष्ट्रगान में भाग लिया। इसके अलावा के.वि.सं. के समस्त 25 क्षेत्रीय कार्यालयों और पांचों आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में भी राष्ट्र ध्वज फहराया गया।








## विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस

विद्यार्थियों को भारत के विभाजन की त्रासदी से अवगत कराने के लिए केन्द्रीय विद्यालयों में 14 अगस्त को 'विभाजन की विभीषिका' विषय पर फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से भारत के विभाजन के दर्द और उसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और विद्यार्थियों ने देश की इस ऐतिहासिक घटना की गंभीरता को समझने का प्रयास किया।





# Achievements



## Class VIII Student Joins International PR Team

**Yoza Saleem,** a Class VIII student at PM Shri Kendriya Vidyalaya Andrews Ganj, New Delhi, has become a Co-Content Designer for Term 3 of the Bridge Club Professional Network's Public Relations Team. This international organization operates under the Asian Pacific Children's Convention in Fukuoka, Japan.




## Talented student Sri Vidya won Gold at National level

**Shree Vidhya,** student of KV Ashok Nagar, Chennai won gold at the National Skating Tournament! She was selected for the World Skate Games to be held in Italy.



## Srijita Mahakud Triumphs at State Swim Meet

**Srijita Mahakud,** student of class 8th at KV No. 2, Sambalpur excelled at the State Level Swimming Championship on July 19-20, 2024, at Kalinga Stadium, Bhubaneswar. She won 3 Gold, 5 Silver, and 3 Bronze medals, earning the Best Individual Swimmer Award in Group 2 (Girls).



## PM SHRI KV AFS Akkulam Triumphs at IAF Quiz 2024!

**Jay Nithin Patil & Shubhdeep Das** from PM SHRI KV AFS Akkulam secured 3rd place at the IAF Quiz 2024, held at Air HQ, New Delhi. They won trophies, certificates, books, and a cash prize of Rs. 30,000.



## KV Dibrugarh's Bhargabi Sonowal Heads to World Taekwondo Championship!

**Bhargabi Sonowal,** a 12th-grade student from KV Dibrugarh, has been selected to participate in the World Taekwondo Poomsae Championships, which will be held in Bangkok from November 30 to December 4. Her selection follows her recent victory as the National Champion of Champions. Bhargabi has also been chosen to represent in the National School Games organized by School Games Federation of India (SGFI).



## Gold Medal Glory for KV NEHU at International Karate Championship!

**Phidaiaka Shisha Lyngdoh** from KV NEHU, Silchar Region, won Gold medal at the 8th International Open Karate Championship – Indian Challengers Cup 2024, held at Netaji Indoor Stadium, Kolkata, from 26th to 28th July.



## Bhavya Kumar Saxena Shines at GYMQUINN 2024

**Bhavya Kumar Saxena** student of Class II in KV No. 3, Bhopal won 2 Gold, 3 Silver, and 1 Bronze medal in the first All India GYMQUINN 2024 Gymnastics Tournament, Level 6 (age group 6-7 years), held in Hyderabad on 27th - 28th July 2024. The event was organized by The Gaudium Sportopia, Hyderabad.



## गतका चौंपियनशिप में मनदीप को स्वर्ण पदक

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 भोपाल में कक्षा 9 के विद्यार्थी **मनदीप सिंह** ने द्वितीय एमपी राज्य गतका चौंपियनशिप-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मनदीप की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।



## Two KV students shine at India Water Week-2024



**Navya Sinha,** a class 12th student of PM SHRI Kendriya Vidyalaya INA Colony secured 1st position in the Debate Competition and **Dhruv,** a 10th-grade student from Dr. Rajendra Prasad KV, won **2nd prize** for his AI-driven water management system for agriculture at **India Water Week 2024**. Both the students were recognized and awarded by the **Ministry of Jal Shakti**.



### मोनराज देब भारत के शीर्ष 100 यंग साइंस टैलेंट्स में शामिल

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, कक्षा 9 के छात्र **मोनराज देब** ने विक्रम साराभाई साइंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित SPOT100 नेशनल क्वालिफायर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन के कारण, वह पूरे भारत के टॉप 100 यंग साइंस टैलेंट्स में शामिल हो गए हैं। यह उपलब्धि मोनराज की कड़ी मेहनत और विज्ञान के प्रति उनकी गहरी लगन का परिणाम है, और यह उनकी सफलता की कहानी को और भी प्रेरणादायक बनाता है।



### राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप-2024 में कृष्णांजलि जोशी ने जीता स्वर्ण पदक

केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी में कक्षा 8 की होनहार विद्यार्थी **कृष्णांजलि जोशी** ने राष्ट्रीय जू-जित्सु चैंपियनशिप-2024 में स्वर्ण पदक जीतकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन का गौरव बढ़ाया है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उत्तराखंड सरकार के खेल विभाग द्वारा उन्हें रु.100000 (एक लाख रुपये) की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।




## Incredible Achievement by KV Alumna

KV alumna **Avani Lekhara** shines brightly at the Paris 2024 Paralympics, winning three medals, including two golds and a bronze. She set a world record in the 10m Air Rifle Standing SH1 and claimed gold in the 50m Rifle 3 Positions SH1.

तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan

Shala Dhwani Newsletter
Issue: July-September 2024
-----------------------------------
Patron: Nidhi Pandey, Commissioner, KVS
Editor: Dr. P. Devakumar, Joint Commissioner (Acad)
Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor
-----------------------------------
Published by Joint Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.
-----------------------------------
Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaaladhwani@gmail.com

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ